# वाराणसी से अयोध्या के बीच बनेगा छह लेन का उच्च गति गलियारा

वाराणसी, 27 दिसंबर (जनसत्ता)।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी से अयोध्या के बीच छह लेन का उच्च गति गलियारा बनाने के प्रस्ताव पर कार्य शुरू हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कार्ययोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट एजंसी नियुक्त करने के लिए निविदा आमंत्रित की है।

एनएचएआइ के परियोजना निदेशक अवनीश सिद्धार्थ ने शनिवार को बताया कि कंसल्टेंट एजंसी को सर्वे कर कार्ययोजना तैयार करने में कम से कम डेढ़ वर्ष लगेंगे। छह लेन का गलियारा होगा। इसके निर्माण से वाराणसी से अयोध्या की दूरी करीब 50 किलोमीटर घटकर दो सौ किलोमीटर रह जाएगी। यह दूरी लगभग दो घंटे में तय की जा सकेगी। पहले वाराणसी से अयोध्या पहुंचने में चार से पांच घंटे लगते थे। नमामि गंगे के जिला संयोजक बृजेश त्रिपाठी के अनुसार दो वर्ष पहले केंद्र सरकार ने ड्रोन सर्वे कराया था। मया बाजार ब्लाक में बबुआपुर, वंदनपुर के आसपास खेतों में झंडी लगा कर सर्वे कराया गया था। इसी के आगे आंबेडकरनगर जिले में प्रवेश करेगा। बताया गया कि रामपुर हलवारा इसका जीरो प्वाइंट होगा। दशरथ समाधि से सीधे जुड़ने से वाराणसी से सीधे अयोध्या पहुंचना आसान हो जाएगा। यह आंबेडकरनगर के आगे पूर्वांचल एवं अयोध्या में प्रयागराज-चित्रकूट से भी जुड़ेगा। काशी-अयोध्या-चित्रकूट सब एक-दूसरे से कनेक्ट होने से वाराणसी से अयोध्या एवं चित्रकूट पहुंचना आसान हो जाएगा।

> *एनएचएआइ* के परियोजना निदेशक अवनीश सिद्धार्थ ने शनिवार को बताया कि कंसल्टेंट एजंसी को सर्वे कर कार्ययोजना तैयार करने में कम से कम डेढ़ वर्ष लगेंगे।